**लापरवाही** बरगवां में निजी बिल्डिंगों को कनेक्शन देने के लिए सड़क पर लगा दिए ट्रांसफार्मर, नगर निगम उदासीन, कार्रवाई की मांग

# बिजली कनेक्शन के नाम पर सड़क पर कब्जा



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के पार्षद अवकाश जायसवाल ने विद्युत विभाग पर बरगवां रोड पर सड़क की जमीन पर अवैध कब्जा कर विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को शिकायत देकर संबंधित सड़क पर नियम विरुद्ध लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मरों को हटाने और नगर निगम की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। पार्षद की शिकायत के अनुसार बरगवां में एलआईसी बिल्डिंग के आगे और शारदा फर्नीचर के सामने नवनिर्मित मल्टी बिल्डिंगों में विद्युत कनेक्शन और इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य के दौरान सड़क पर करीब 20 फीट तक कब्जा करवाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि इस स्थान पर 4 से 5 विद्युत ट्रांसफार्मर सड़क पर स्थापित किए गए हैं। अवकाश जायसवाल ने शिकायत में आरोप लगाया है कि ट्रांसफार्मर लगाने के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध कराना डेवलपर या मालिक की जिम्मेदारी होती है। इसके बावजूद बिल्डर को विद्युत कनेक्शन गलत तरीके से देते हुए ट्रांसफार्मर मल्टी बिल्डिंग के पास सड़क पर स्थापित कर दिए गए। इससे नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण हुआ है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि सड़क पर ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने से नगर निगम की भूमि का उपयोग निजी मल्टी बिल्डिंगों के विद्युत कनेक्शन के लिए किया जा रहा है।

पार्षद ने पूरे मामले की जांच कर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पार्षद का कहना है कि एक ओर नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण हटाने को लेकर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सड़क पर हुए कथित कब्जे को रोकने में नगर निगम की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निजी मल्टी बिल्डिंग के सामने सड़क पर करीब 20 फीट जगह घेरकर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, लेकिन इन्हें नगर निगम द्वारा अब तक नहीं हटाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार सड़क पर करीब 20 फीट जगह घेरकर लगाए गए इन ट्रांसफार्मरों के कारण आवागमन प्रभावित होने की आशंका है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पार्षद ने नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि बरगवां रोड पर नियम विरुद्ध लगाए गए 4 से 5 विद्युत ट्रांसफार्मरों के मामले की जांच कराई जाए।

साथ ही संबंधित ट्रांसफार्मरों को हटाकर नगर निगम की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाए। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी अब तक ऐसी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जो जमीन में दिखाई दे रही हो। बिल्डिंगों के सामने कब्जा की गई वाली सड़क पर पेवर ब्लॉक भी लगवाए जा रहे हैं, जिसके कारण कार्रवाई नहीं होने की उम्मीद अधिक दिख रही है। सड़क पर सब्जी की दुकान लगाने वालों पर लगातार कार्रवाई करने वाली नगर निगम की टीम बरगवां से कब्जा हटाने में आसमर्थ नजर आ रही है।



## बारिश हुई तो आ सकती है बाढ़, पुल के ऊपर पानी

**पुल पर पानी होने के बावजूद पार कर रहे राहगीर**

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। इससे क्षेत्र की नदियां और नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को झपावन नदी के रपटे पर पानी चढ़ गया। तेज बहाव के कारण विजयराघवगढ़-बरहटा मुख्य मार्ग पर आवागमन लगभग बंद हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटों में भी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रह सकता है, जिससे स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी का जलस्तर हर घंटे बढ़ रहा है। सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण कई लोग अपनी जान खतरे में डालकर रपटा पार करने की कोशिश कर रहे हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीण खुद ही हालात पर नजर रख रहे हैं। वे लोगों को खतरे के बारे में बता रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि जल्द ही इस मार्ग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस और संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी भी हादसे या जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए रपटे के दोनों ओर मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए। साथ ही, जब तक पानी का स्तर कम नहीं होता, तब तक वहां पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। एक ओर जहां नदियां उफान पर हैं, वहीं भू-अभिलेख विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल जिले में बारिश का आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले कम दर्ज किया गया है।

### एक नजर में

## पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस में मिला युवक का शव

**नवभारत, कटनी।** पुणे से गोरखपुर की ओर जा रही ट्रेन संख्या 11037 (पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस) के जनरल कोच में एक अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में पाया गया, जिसे जांच के बाद रेलवे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कंट्रोल रूम द्वारा डिप्टी स्टेशन मास्टर (कमर्शियल) सुरजीत आचार्य को मैसेज के माध्यम से सूचना दी गई। मैसेज में बताया गया कि ट्रेन के जनरल कोच में लगभग 24 से 25 वर्ष की उम्र का एक युवक अचेत अवस्था में लेटा हुआ है। सूचना मिलते ही डिप्टी स्रूकमर्शियल सुरजीत आचार्य ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल रेलवे हॉस्पिटल में संपर्क कर रेलवे डॉक्टर को सूचित किया। ट्रेन के कटनी स्टेशन पहुंचते ही रेलवे डॉक्टर ने कोच में पहुंचकर यात्री का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को आगे की कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बारिश से ढही आरटीओ कार्यालय की दीवार

**नवभारत, कटनी।** जिले में बीते 24 घंटों से हो रही रुक-रुक कर रिमझिम बारिश के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लगातार हो रही बारिश के कारण आरटीओ कार्यालय की ऊपरी दीवार देर शाम करीब 4 बजे अचानक भरभराकर नीचे गिर गई। राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। जानकारी के अनुसार जिले में गुरूवार शाम से ही बारिश का दौर रुक-रुक कर जारी है। पानी से भीगने के कारण आरटीओ कार्यालय की इमारत के ऊपर का हिस्सा टूटकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से कोई कर्मचारी या आवेदक नहीं गुजर रहा था। घटना के तत्काल बाद आरटीओ अधिकारी ने मामले की जानकारी कलेक्टर को दी। क्षतिग्रस्त हिस्से की जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी।

## जय कन्हैया लाल की-हाथी, घोड़ा पालकी की गूंज

**उमरियापान सहित पूरे क्षेत्र में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी**



**नवभारत, उमरियापान।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व उमरियापान सहित पूरे क्षेत्र में शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर एवं आसपास के गांवों में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से सत्य, धर्म, प्रेम, कर्तव्य और न्याय का संदेश दिया। श्रीकृष्ण ने अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करते हुए धर्म की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। उनके जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाई गईं और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

जैसे ही जन्म का समय हुआ, 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने लड्डू गोपाल के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## अस्पताल, सड़क सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनशन शुरू

**क्षेत्रीय मांगों को लेकर बस स्टैंड में शुरू हुआ प्रदर्शन**



**नवभारत, उमरियपान।** जिले के उमरियापान क्षेत्र की विभिन्न लंबित समस्याओं और विकास कार्यों की मांग को लेकर समाजसेवी चन्दकांत चंदू चौरसिया द्वारा 1 सितंबर से उमरियापान के न्यू बस स्टैंड में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया गया है।

उनका कहना है कि क्षेत्र की मूलभूत एवं विकास संबंधी समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित समाधान नहीं हो सका है। समाजसेवी चन्दकांत चंदू चौरसिया ने क्षेत्र के विकास के लिए 10 प्रमुख मांगें शासन-प्रशासन के समक्ष रखी हैं। इनमें उमरियापान में आईटीआई भवन का निर्माण कर आईटीआई प्रारंभ करने, 100 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने तथा उमरियापान से सिहोरा सड़क का निर्माण कराने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा उमरियापान के दोनों चिन्हित स्थानों पर बस स्टैंड का निर्माण, उमरियापान में एसडीएम कोर्ट की स्थापना, कृषि उपज मंडी को स्वीकृति देकर उसकी स्थापना, भारत के केंद्र बिंदु में प्रस्तावित उद्योग की स्थापना तथा ग्राम पंचायत बम्हनी में स्वीकृत भूमि पर खेल मैदान का निर्माण कराने की मांग की गई है।

उन्होंने सीएम राइज स्कूल के स्वीकृत भवन का निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू कराने तथा उमरियापान की मुख्य सड़क झंडा चौक से बस्ती तक सड़क निर्माण कराने की मांग भी रखी है। चन्दकांत चंदू चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी अनेक बार शासन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ। इसी के चलते उन्होंने अनिश्चितकालीन अनशन का निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक क्षेत्र की प्रमुख मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा। क्षेत्रीय जनों में साधन मन्नू चौरसिया पंच उमरियापान, दादा भाई चौरसिया, सोमनाथ चौरसिया, सुक्की गुप्ता, अनूप चौरसिया, सत्यम बिट्टू चौरसिया, संदीप चौरसिया, संदीप विश्वकर्मा, जग्गू चौरसिया सहित अन्य ने मांगों पूरा करने की मांग की है।

## रेलवे स्टेशन से पुलिस कस्टडी से फरार हुआ आर्म्स एक्ट का आरोपी

**जीआरपी ने दर्ज किया मामला खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज**



**नवभारत, कटनी।** कटनी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह तेलंगाना पुलिस की कस्टडी से आर्म्स एक्ट का एक आरोपी हथकड़ी से हाथ निकालकर फरार हो गया।

आरोपी को दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस से हैदराबाद ले जाया जा रहा था। घटना के बाद जीआरपी और आरपीएफ ने स्टेशन परिसर समेत आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार हैदराबाद के नाचाराम थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में तेलंगाना पुलिस ने बिहार के पश्चिम चंपारण से चार आरोपियों आशीष कुमार, संदीप महाजन, शशि कुमार और संदीप कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम सभी आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस से तेलंगाना जा रही थी।

शुक्रवार सुबह ट्रेन जैसे ही कटनी रेलवे स्टेशन पर रुकी, एक पुलिसकर्मी आरोपी संदीप कुमार को शौचालय ले गया। इसी दौरान संदीप ने चालाकी दिखाते हुए हथकड़ी से अपना हाथ बाहर खींच लिया और ट्रेन से कूदकर स्टेशन के अंधेरे का फायदा उठाते हुए ओझल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी ने मामला दर्ज कर प्लेटफॉर्म, मुड़वारा, साउथ स्टेशन और आउटर एरिया में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जीआरपी थाना प्रभारी अनिल मरावी ने बताया कि स्टेशन और आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## प्रभार हस्तांतरण नहीं होने से विकास कार्य रूके

**सरपंच ने जनपद पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमतरा में प्रभार हस्तांतरण में हो रही देरी के कारण विकास और जनहित के आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शासन के आदेशानुसार पदस्थ नए सचिव को पूर्व सचिव द्वारा पिछले एक माह से प्रभार नहीं दिया गया है। इस गंभीर समस्या के त्वरित निराकरण के लिए सरपंच श्रीमती पुष्पा बाई कोरी ने जनपद मुख्य कार्यपालक अधिकारी को आवेदन देकर जल्द हस्तांतरण कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खमतरा में शासन के आदेशानुसार दिनांक 27 जुलाई 2026 को नए सचिव दीनू साहू की पदस्थापना की गई थी। हालांकि, तत्कालीन (पूर्व) सचिव भारत सिंह द्वारा अभिलेख एवं पंचायत का प्रभार नए सचिव को नहीं सौंपा जा रहा है। ग्राम पंचायत का प्रभार न मिलने के कारण शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन और पंचायत के आवश्यक जनहित कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। इससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं और विकास की गति रुक गई है। समस्या को देखते हुए खमतरा ग्राम पंचायत की सरपंच पुष्पा बाई कोरी ने 3 सितंबर 2026 को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में मांग की गई है कि पूर्व सचिव से पंचायत के समस्त अभिलेख एवं संपूर्ण प्रभार तत्काल दिलाए जाएं ताकि ग्राम पंचायत के रुके हुए कार्यों को सुचारू रूप से शुरू किया जा सके।

## वाहन की टक्कर से पुलिसकर्मी घायल

**माधवनगर गेट के सामने हुआ हादसा, जांच शुरू**

**नवभारत, कटनी।** शहर के माधव नगर गेट के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में पुलिसकर्मी अंकित लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से वाहन सहित फरार होने में कामयाब रहा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस टीम की मदद से घायल पुलिसकर्मी अंकित लोधी को तुरंत इलाज के लिए निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुटी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। माधव नगर थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि फरार वाहन और उसके चालक की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

## शिक्षक दिवस पर गौरा शासकीय स्कूल के शिक्षक का होगा राज्य स्तरीय सम्मान

**राज्यपाल द्वारा दिया जाएगा शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम गौरा स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिंह ठाकुर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया जाएगा। 5 सितंबर को भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के कर-कमलों से उन्हें शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। श्री ठाकुर ने वर्ष 2015 में विद्यालय का प्रभार संभालने के बाद शैक्षणिक वातावरण में सुधार, विद्यालय के कायाकल्प और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने शिक्षक साथियों, विद्यार्थियों, पालकों, पंचायत और ग्रामीणों को साथ लेकर 'अपनी शाला—अपना दायित्व' की भावना से विद्यालय विकास की मुहिम चलाई। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संसाधनों से विद्यालय भवन की मरम्मत, पुताई, शैक्षणिक चित्रकारी, मैदान के समतलीकरण एवं परिसर सौंदर्यीकरण में भी योगदान दिया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान बीते 14 अगस्त को कलेक्टर आशीष तिवारी ने गौरा स्कूल का भ्रमण कर छात्रों से आत्मीय संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ और विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखा और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और व्यवस्थाओं को सराहा था। इस दौरान एसपी श्री अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहे। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सहायक शिक्षक श्री ठाकुर को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान -2026 के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, शैक्षणिक नवाचारों को बढ़ावा देने और विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने में सहायक शिक्षक श्री ठाकुर द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान को जिले के अन्य शिक्षकों के लिए भी अनुकरणीय और अनुसरणीय बताया है।

**बैठक** बड़े बकायादारों को जारी करें नोटिस, पुराने लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से कराएं निराकरण

# राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से करें निर्वहन



**नवभारत, कटनी।** राजस्व विभाग सीधे तौर पर आमजन से जुड़ा विभाग है। राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली का सीधा प्रभाव नागरिकों की रोजमर्रा की समस्याओं और शासन की सेवाओं तक उनकी पहुंच पर पड़ता है। इसलिए अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ निर्वहन करते हुए जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ और आपदा की स्थिति को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारी अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सदैव अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने मैदानी अमले को भी सक्रिय रखते हुए सूचना तंत्र मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी तहसीलदारों को बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें नोटिस जारी करने और प्रभावी वसूली कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में प्रत्येक तहसील की प्रगति स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने आगामी दिनों में बैंकों के साथ प्रस्तावित बैठक का उल्लेख करते हुए तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वसूली से संबंधित प्रगति, समस्याओं और आवश्यक सहयोग की जानकारी बैठक में प्रस्तुत करने के लिए तैयार रखें। कलेक्टर ने पीएम किसान ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इन कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है और प्रत्येक बैठक में तेजी लाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं आना गंभीर विषय है। उन्होंने तहसीलदारों को पीएम किसान ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाकर पात्र किसानों से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एक से दो वर्ष तथा दो से पांच वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नामांतरण और बंटवारे के प्रकरण तीन माह से अधिक लंबित नहीं रहने चाहिए।

अभिलेख दुरुस्ती के एक से दो वर्ष एवं दो से पांच वर्ष पुराने लंबित मामलों का भी शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। इसी प्रकार पेशी से गिरे प्रकरणों तथा पीठासीन अधिकारी एवं रीडर आईडी में लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## राजस्व वसूली में लापरवाही, दस कर्मचारियों को नोटिस

**नगर निगम के राजस्व अधिकारी ने तलब किया जवाब**

**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम में राजस्व वसूली कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद कार्य के प्रति लापरवाही बरतने को गंभीरता से लिया गया है। वसूली कार्य की समीक्षा के दौरान सामने आई स्थिति के बाद राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा निगम के 10 कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किए गए हैं। राजस्व अधिकारी द्वारा जिन 10 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें वार्ड क्रमांक 34,43, वार्ड क्रमांक 15,16 के राजस्व उपनिरीक्षक, वार्ड क्रमांक 41, 31और 32 के सहायक राजस्व निरीक्षक सहित वार्ड क्रमांक 03, 28, 39 और वार्ड क्रमांक 42 के वसूलीकर्ता शामिल है। कारण बताओ नोटिस में उल्लेख किया गया है कि समय-समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों और जारी निर्देशों के बावजूद संबंधित कर्मचारियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल से 31 अगस्त 2026 तक की अवधि में डिमांड के विरुद्ध अपेक्षित वसूली नहीं की गई। नोटिस में विशेष रूप से बताया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा निम्न वसूली की गई, जो कार्य के प्रति उदासीनता और लगातार लापरवाही को दर्शाती है। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा वसूली कार्य में तेजी लाने और बकायेदारों से राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए लगातार समीक्षा, निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जारी नोटिस में संबंधित कर्मचारियों को तीन दिन के अंदर अपना स्पष्टीकरण अनुशासनात्मक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। निगम प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नोटिस जारी होने के बाद नगर निगम के राजस्व वसूली कार्य में लगे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जवाब संतोष जनक नहीं होने पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।